भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1490
उत्तर देने की तारीख 4 दिसम्बर, 2024

आकांक्षी जिलों में 4जी मोबाइल सेवाएं

1490. श्री सप्तगिरी शंकर उलाका:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आकांक्षी जिलों के सुविधा रहित 7,287 गांवों में 4जी मोबाइल सेवाएं प्रदान करने की योजना का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त योजना को कब तक चालू कर दिया जाएगा और वर्तमान में इसमें क्या प्रगति हुई है;

(ग) ओडिशा के कोरापुट और रायगढ़ जिलों के उन गांवों की ब्लॉक-वार सूची क्या है जहां मोबाइल कनेक्टिविटी प्रदान की जाएगी; और

(घ) ओडिशा के कोरापुट और रायगढ़ जिलों के गांवों, जहां 4जी मोबाइल कनेक्टिविटी प्रदान की जाएगी, में ब्लॉक-वार लंबित गांवों के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है और इनके पूरा होने की समय-सीमा क्या है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) और (ख) आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, झारखंड और ओडिशा के आकांक्षी जिलों के सेवा से वंचित 7287 गांवों में 4,779 मोबाइल टावरों की संस्थापना करके 4जी मोबाइल सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए एक स्कीम का केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदन किया गया है।

उपर्युक्त परियोजना का उद्देश्य ऐसे सभी गांवों में चरणबद्ध रूप से मोबाइल कवरेज उपलब्ध कराना है। दिनांक 31.10.2024 की स्थिति के अनुसार, 3,352 गांवों को कवर करते हुए 2,177 मोबाइल टावर चालू कर दिए गए हैं।

(ग) और (घ) दिनांक 31.10.2024 की स्थिति के अनुसार ओडिशा के कोरापुट और रायगढ़ जिलों में इस स्कीम के तहत मोबाइल कवरेज के लिए योजनाबद्ध गांवों की सूची https://dot.gov.in/circular-and-notifications/3294 पर उपलब्ध है।

*****